भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. **+*126**
सोमवार, **1** जुलाई, 2019/10 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

फतेहपुर सीकरी हेतु पर्यटन संवर्धन योजनाएं

**+*126.** श्री राजकुमार चाहरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या फतेहपुर-सीकरी (उत्तर प्रदेश) के लिये पर्यटन संवर्धन हेतु नई योजनाएं बनाई गई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा फतेहपुर-सीकरी को विश्वस्तरीय पर्यटक स्थल के रूप में उभारने हेतु क्या प्रयास किये गये हैं;

(घ) पर्यटन विकास हेतु किन-किन सुविधाओं की योजना बनाई गई है तथा विश्वस्तरीय पर्यटक सुविधाएं क्या हैं; और

(ङ) क्या सरकार द्वारा फतेहपुर-सीकरी में पर्यटकों के ठहरने को बढ़ावा देने हेतु फतेहपुर-सीकरी तथा घाना पक्षी अभयारण्य अर्थात् केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को जुड़वा स्थलों के रूप में प्रस्तुत करने के लिये कोई प्रयास किये गये हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ड.) : एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है ।

******

फतेहपुर सीकरी हेतु पर्यटन संवर्धन योजनाओं के संबंध में दिनांक 01.07.2019 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या +*126 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

(क) से (ड.) : पर्यटन के संवर्धन के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दो योजनाएं चलाई जा रही हैं । ये हैं :

(i) घरेलू पर्यटन के संवर्धन हेतु आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन तथा प्रचार
**(ii)** विदेशी बाजारों में भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विपणन विकास सहायता सहित विदेशों में संवर्धन तथा प्रचार की पुन:संरचित योजना ।

इन योजनाओं के अंतर्गत, पर्यटन मंत्रालय अपने चालू कार्यकलापों के एक भाग के रूप में फतेहपुर सीकरी तथा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों के संवर्धन के लिए अतुल्य भारत ब्रांड लाइन के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू बाजारों में प्रतिवर्ष प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन तथा आउटडोर मीडिया अभियान चलाता है । मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स तथा वेबसाइट के माध्यम से भी संवर्धन किया जाता है । इसके अलावा, भारत तथा विदेश स्थित भारतपर्यटन कार्यालय सूचना का प्रसार करते हैं तथा देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों तथा उत्पादों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं ।

बजट घोषणा वर्ष 2018-19 के अनुपालन में, मंत्रालय ने विश्वस्तरीय पर्यटक अवसंरचना तथा सेवा के साथ प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों के रूप में विकास हेतु 12 समूहों के 17 स्थलों की पहचान की है । यह हैं: ताजमहल और फतेहपुर सीकरी (उत्तर प्रदेश), अजंता और एलोरा (महाराष्ट्र), हुमायूँ का मकबरा, कुतुब मीनार और लाल किला (दिल्ली), कोलवा बीच (गोवा), आमेर किला (राजस्थान), सोमनाथ और धोलावीरा (गुजरात), खजुराहो (मध्य प्रदेश), हम्पी (कर्नाटक), महाबलिपुरम (तमिलनाडु), काजीरंगा (असम), कुमारकोम (केरल) और महाबोधि मंदिर (बिहार) ।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत देश में थीमेटिक पर्यटक परिपथों के विकास तथा पहचाने गए तीर्थस्थल तथा विरासत गंतव्यों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय अभिकरणों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाएं राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से पहचानी जाती हैं तथा निधियों की उपलब्धता, संगत विस्तृत परियोजना रिपोर्टों को प्रस्तुत करने, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन तथा पहले जारी निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं ।

तथापि, राज्य सरकारों से फतेहपुर सीकरी तथा केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान के लिए कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है । स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान राज्यों में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची अनुबंध पर है ।

*******

अनुबंध

फतेहपुर सीकरी हेतु पर्यटन संवर्धन योजनाओं के संबंध में दिनांक 01.07.2019 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या +*126 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

उत्तर प्रदेश

स्वदेश दर्शन

स्वीकृत परियोजनाएं:

(करोड़ रूपए में)

| क्र.सं | परिपथ नाम /स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | बौद्ध परिपथ **(2016-17)** | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | **99.97** | **45.03** |
| **2.** | रामायण परिपथ **(2016-17)** | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर में विकास | **69.45** | **52.17** |
| **3.** | आध्यात्मिक परिपथ **(2016-17)** | स्पिरिचुअल सर्किट का विकास - (शाहजहांपुर -बस्ती-अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ-उन्नाव-कौशाम्बी-मिर्जापुर-गोरखपुर-कैराना- डूमरीयागुज- बागपत-बाराबंकी - आज़मगढ़ ) | **68.39** | **54.71** |
| **4.** | आध्यात्मिक परिपथ **(2016-17)** | स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में चरण -II का विकास (बिजनौर - मेरठ- कानपुर -कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर -सलेमपुर - घोसी -बलिया - अम्बेडकर नगर- अलीगढ़-फतेहपुर - देवरिया -महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिस्रिख -भदोही) | **63.77** | **50.33** |
| **5.** | विरासत परिपथ **(2016-17)** | कलिंजर किला (बांदा) - मरहरधाम (संत कबीर नगर) चौरी चौरा, शहीदस्थल (फतेहपुर) -मवहर स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास कार्य | **34.82** | **18.76** |
| **6.** | रामायण परिपथ **(2017-18)** | रामायण परिपथ थीम के तहत अयोध्या में विकास | **133.31** | **66.65** |
| **7.** | आध्यात्मिक परिपथ **(2018-19)** | उत्तर प्रदेश में जेवर -दादरी -सिकंदराबाद -नोएडा - खुर्जा –बांदा का विकास | **14.52** | **0.00** |
| **8.** | आध्यात्मिक परिपथ **(2018-19)** | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) और वटवंशी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | **21.16** | **0.00** |
| | | योग | **505.39** | **287.65** |

प्रशाद

स्वीकृत परियोजनाएं

| क्र.सं. | स्थल/गंतव्य (स्वीकृति वर्ष) | परियोजना का नाम | परियोजना लागत करोड़ रूपए में | निर्मुक्त राशि करोड़ रूपए में |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | मथुरा (2014-15) | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | **14.93** | **10.38** |
| **2.** | मथुरा (2014-15) | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटन सुविधा केंद्र का निर्माण | **9.36** | **7.36** |
| **3.** | वाराणसी (2015-16) | वाराणसी-I का विकास | **20.40** | **16.32** |
| **4.** | वाराणसी **(2017-18)** | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | **10.72** | **5.14** |
| **5.** | वाराणसी **(2017-18)** | प्रशाद योजना-**II** के अंतर्गत वाराणसी का विकास | **44.60** | **10.21** |
| **6** | गोवर्धन **2018-19** | मथुरा, उ.प्र. के गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | **39.74** | शून्य |
| | | कुल | **139.75** | **49.41** |

राजस्थान

स्वदेश दर्शन

स्वीकृत परियोजनाएं:

**(करोड़ रूपए में)**

| क्र. सं. | परिपथ का नाम /स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| **1** | मरुस्थल परिपथ **(2015-16)** | मरूस्थल परिपथ के अंतर्गत राजस्थान, जिला जयपुर में साम्भर लेक टाउन एवं अन्य गंतव्यों का विकास | **63.96** | **51.17** |
| **2** | कृष्ण परिपथ **(2016-17)** | राजस्थान में गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | **91.45** | **45.72** |
| **3** | आध्यात्मिक परिपथ **(2016-17)** | (जयपुर-अलवर-चित्तौड़गढ़-चूरू-भरतपुर-विराटनगर- धौलपुर) में विकास | **93.90** | **46.95** |
| **4** | विरासत परिपथ **(2017-18)** | (जयपुर- अलवर- झालावाड़- उदयपुर- नागौर- जैसलमेर- जालोर- सवाईमाधोपुर- राजसमंद- नागौर) में विकास | **99.60** | **49.80** |
| | | कुल | **348.91** | **193.64** |

प्रशाद

स्वीकृत परियोजनाएँ (करोड़ रूपए में)

| क्र. सं. | स्थल / गंतव्य (स्वीकृति वर्ष) | परियोजना का नाम | परियोजना की लागत | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | अजमेर/ पुष्कर **(2015-16)** | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | **40.44** | **19.41** |

*********